दिनांकः–30.10.2026 को विभागीय निविदा समिति द्वारा Provision of Main L.T. Panel(Outdoor Type), Sub-Panel, Cable along with electrical wiring & electrical installation and UPS wiring in Different Court Room of Heritage Building, Annexy Building FTC Building and CJM Court Building in the Campus of Old Civil Court at Banka, Distt.-Banka कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर प्राप्त आपत्ति/परिवाद के निस्तार हेतु आहुत बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः–

1.	श्री प्रणव कुमार–	सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	अध्यक्ष
2.	श्री असीम कुमार–	अभियंता प्रमुख(विद्युत), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	सदस्य
3.	श्री रमेन्द्र कुमार–	मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	सदस्य
4.	श्री विकास कुमार पाण्डेय–	आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	सदस्य

कार्यवाही :–

1. कार्य का नामः– Provision of Main L.T. Panel(Outdoor Type), Sub-Panel, Cable along with electrical wiring & electrical installation and UPS wiring in Different Court Room of Heritage Building, Annexy Building FTC Building and CJM Court Building in the Campus of Old Civil Court at Banka, Distt.-Banka

2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि– 74,10,715/– विधि विभाग का पत्रांक–6255, दिनांक–25.09.2025)

3. तकनीकी स्वीकृति की राशि– 73,70,183/–

4. परिमाण–विपत्र की राशि– 72,97,211/–

5. ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 23/2026–27(विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर)

6. समाचार पत्रों में प्रकाशन का प्रसंग– दैनिक जागरण, दिनांक–31.07.2026

7. प्रकाशन का पी0 आर0 नं0– 009030(BCD)/2026-27

8. ई–निविदा आमंत्रण होने की तिथि– 27.07.2026

9. प्री–बीड बैठक की तिथि– दिनांक–20.08.2026 को विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार, पटना।

   दिनांक–21.08.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–02 का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

10. ई–निविदा(तकनीकी बीड) खोलने की तिथि– 02.09.2026

11. तृतीय बार आमंत्रित ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदाताओं का नाम एवं पता :–

    (क) मेसर्स शिवम इलेक्ट्रीकलस, पटना।

    (ख) मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर।

    (ग) मेसर्स राधा गोविंद कन्स्ट्रक्शन, पटना।

    (घ) मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना।

    (ड़) संस्कृति इंटरप्राईजेज, वैशाली।

12. दिनांक–14.10.2026 को आहुत तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही :–

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार, पटना के पत्रांक–994, दिनांक–15.09.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का तकनीकी बीड अभिलेखों को समर्पित किया गया है। इस संदर्भ में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के सभी सदस्यों द्वारा निविदादाताओं के अभिलेखों के जाँचोपरान्त निम्नलिखित तथ्य पाये गए :–

(क) प्रथम निविदादाता मेसर्स शिवम इलेक्ट्रीकलस, पटना है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा के सभी शर्त्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है तथा तकनीकी बीड मूल्यांकन में इन्हें 95 अंक प्राप्त हुए, जोकि न्यूनतम अर्हता अंक 50 से अधिक है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में ''रिस्पौंसिव'' पाया गया।

(ख) द्वितीय निविदादाता मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर। है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा के सभी शर्त्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है तथा तकनीकी बीड मूल्यांकन में इन्हें 95 अंक प्राप्त हुए, जोकि न्यूनतम अर्हता अंक 50 से अधिक है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में ''रिस्पौंसिव'' पाया गया।

(ग) तृतीय निविदादाता मेसर्स राधा गोविंद कन्स्ट्रक्शन, पटना है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा के सभी शर्त्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है तथा तकनीकी बीड मूल्यांकन में इन्हें 90 अंक प्राप्त हुए, जोकि न्यूनतम अर्हता अंक 50 से अधिक है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में ''रिस्पौंसिव'' पाया गया।

(घ) चतुर्थ निविदादाता मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा के सभी शर्त्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है तथा तकनीकी बीड मूल्यांकन में इन्हें 95 अंक प्राप्त हुए; जोकि न्यूनतम अर्हता अंक 50 से अधिक है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में ''रिस्पौंसिव'' पाया गया।

(ड़) पंचम निविदादाता संस्कृति इंटरप्राईजेज, वैशाली है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा अनिवार्य दस्तावेज निबंधन प्रमाण–पत्र, इलेक्ट्रीकल लाईसेंस, शपथ पत्र एवं चरित्र प्रमाण–पत्र अपलोड नहीं किया गया है। साथ ही, इनके द्वारा अग्रधन की राशि, परिमाण विपत्र की राशि तथा टेंडर प्रोसेसिंग फी भी ऑनलाईन जमा नहीं किया गया है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में ''नॉन–रिस्पौंसिव'' पाया गया।

13. दिनांक–14.10.2026 को आहुत तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति के बैठक का निर्णय :–

सम्यक विचारोपरान्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु तृतीय बार आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में मेसर्स शिवम इलेक्ट्रीकलस, पटना, मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर, मेसर्स राधा गोविंद कन्स्ट्रक्शन, पटना एवं मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना को सफल घोषित तथा संस्कृति इंटरप्राईजेज, वैशाली को असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखी जाए एवं दिनांक–21.10.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी प्रकार की आपत्ति/शिकायत प्राप्त होती है, तो पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। उक्त निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ई–निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदादाताओं की वित्तीय बीड खोलने हेतु अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

14. दिनांक–22.10.2026 को आहुत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही :–

दिनांक–20.10.2026 को ई–मेल के माध्यम से निविदादाता मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना द्वारा आपत्ति समर्पित की गयी है, जिसकी विवरणी एवं वर्त्तमान तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का उक्त पर मंतव्य निम्नवत् है :–

क्र0 सं0	मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना द्वारा दर्ज आपत्ति की विवरणी	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य
1.	कहना है कि उक्त कार्य का जिसका Re-Tender No-137386 जिसको दिनांक–14.10.2026 जो आपके अध्यक्षता में बांका जिला पुराने सिविल कोर्ट के विभिन्न भवनों, LT पैनल एवं अन्य कार्यों का विद्युतीकरण कार्य का ई–निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के आमंत्रित सभी सदस्य के निर्णय के बाद जो एक निर्णय छुट गया वह बिहार सरकार के टेंडर के रेट से संबंधी नये आदेश का जिक्र नहीं किया गया है। जिसमें कोई भी संवेदक सरकारी निविदा में 15% बिलो रेट डाला है, तो बिहार सरकार के नए नियमों के तहत उन सभी का टेंड 10% से ज्यादा निचे बिलो दर पर वाले संवेदक का निविदा स्वतः निरस्त Canceled कर दिया जाय। जो बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग के अक्टुबर 2026 के नया आदेश जिसकी छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर आपके ईमेल आईडी(Email ID) पर भेज रहा हूँ। जो मुझे तकनीकी बीड के आपति का जवाब दे रहा हूँ।	आपत्तिकर्त्ता ई–निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित किये गये है। विदित हो कि विषयांकित कार्य हेतु विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर द्वारा उक्त ई–निविदा सं0–23/2026–27 का आमंत्रण दिनांक–27.07.2026 को किया गया है तथा E-Proc2.0 पर ऑनलाईन अभिलेख अपलोड करने की अंतिम तिथि 01.09.2026 एवं तकनीकी बीड खोलने की तिथि 02.09.2026 है। तकनीकी बीड खोलने के उपरान्त दिनांक–13.10.2026 को पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना सं0–7461(S) द्वारा निविदा में न्यूनतम दर सीमा 10 प्रतिशत बहाल किया गया है। अतः ई–निविदा में अभिलेख अपलोड करने की अंतिम तिथि(01.09.2026) के उपरान्त विभाग द्वारा लागू(13.10.2026) न्यूनतम दर सीमा को निविदा शर्त्त/नियम में नहीं जोड़ा जा सकता है। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में समिति द्वारा निविदादाता मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना द्वारा दर्ज आपत्ति को स्वीकार्य योग्य नहीं पाया गया। अतः सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा आपत्तिकर्त्ता निविदादाता के इस बिन्दु को खारिज किया जाता है।

15. दिनांक–22.10.2026 को आहुत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक का मंतव्य :–

सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से आपत्तिकर्त्ता निविदादाता मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना से प्राप्त आपत्ति को खारिज करते हुए तथा अपने पूर्व के निर्णय को यथावत् रखने की अनुशंसा की गयी। तदनुसार आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में सफल चारों निविदादाता यथा– मेसर्स शिवम इलेक्ट्रीकलस, पटना, मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर, मेसर्स राधा गोविंद कन्स्ट्रक्शन, पटना एवं मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा के साथ सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

16. दिनांक–30.10.2026 को आहुत विभागीय निविदा समिति का निर्णय :–

सम्यक विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किया जाए।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

30/10/26 30.10.2026 30/10/26 30/X/26

(विकास कुमार पाण्डेय)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भ0 नि0 वि0, पटना।

(रमेन्द्र कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–02,
भ0 नि0 वि0, पटना।

(असीम कुमार)
अभियंता प्रमुख(विद्युत),
भ0 नि0 वि0, पटना।

(प्रणव कुमार)
सचिव,
भ0 नि0 वि0, पटना।

ज्ञापांक :–प्र022/भ0 विद्युत–प्राक्क0–477/25– 585 दिनांकः–02/11/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02.11.2026

मुख्य विद्युत अभियंता–02,
भवन निर्माण विभाग, पटना।